पुस्तकालय

(2) 3177 / 29/2/12

सत्यमेव जयते

असंशोधित

22 FEB 2012

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

--------

(भाग 1–कार्यवाही–प्रश्नोत्तर)

प्रतिवेदन शाखा

गै०स०प्रे०सं०.....36......तिथि.....29-2-12

पंचदश विधान सभा

पंचम सत्र

22 फरवरी,2012 ई0

बुधवार,तिथि ------------------

03 फाल्गुन 1933(श)

(कार्यवाही प्रारंभ होने का समय 11.00 बजे पूर्वाह्न)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण,अब सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है । तारांकित प्रश्न लिये जायेंगे ।

प्रश्नोत्तर

तारांकित प्रश्न सं0-1(श्री राजेश्वर राज)

डा0 भीम सिंह,मंत्री : माननीय अध्यक्ष महोदय, 1. आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है ।

2. वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नाधीन पथ पी0एम0जी0एस0वाई0 योजनांतर्गत निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित की जा चुकी है । निविदा निष्पादन के उपरांत कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा ।

3. उपर्युक्त खंड 2 में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है ।

श्री राजेश्वर राज : अध्यक्ष महोदय, आखिर कबतक इन सड़कों की मरम्मती हो पायेगी चूंकि हमारा क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित ..

अधयक्ष : माननीय मंत्री ने आपको स्पष्ट तौर से जवाब दिया है ।

तारांकित प्रश्न सं0-2(डा0 अब्दुल गफूर)

श्री नंदकिशोर यादव,मंत्री : महोदय, 1. क्षेत्रीय पदाधिकारी को यातायात गणना हेतु निदेशित किया गया है । यातायात गणना के पश्चात् सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा ।

डा0 अब्दुल गफूर : माननीय मंत्रीजी ने जो जवाब दिया वह मैंने समझा नहीं, पुनः पढ़ देने का कष्ट करें ।

श्री नंदकिशोर यादव,मंत्री : महोदय,किसी भी सड़क को चौड़ा करने के लिये उस सड़क पर यातायात होना चाहिये । माननीय सदस्य ने एक प्रश्न किया है तो उस प्रश्न के आलोक में मैंने अधिकारी को निदेशित किया है कि वो यातायात गणना कर लें और अगर वो उसके अनुरूप पाया जायेगा तो उसका काम किया जायेगा ।

डा0 अब्दुल गफूर : अध्यक्ष महोदय,यह सड़क जो राजनपुर-करणपुर पथ है वह दो जिला को जोड़ती है, सहरसा जिला और सुपौल जिला और दो जिला सुपौल जिला से सहरसा जिला आती है, इसका जितना पार्ट सुपौल जिला में है वह डबल है और सहरसा जिला में जो है, सहरसा जिला का जो पार्ट है वह डबल नहीं है, एक ही सड़क है आप सुपौल जिला में उसको डबल कर दिया सहरसा जिला में नहीं किया गया इसलिये हमारी मांग है कि सुपौल जिला में डबल किया गया है, सहरसा जिले में भी उसको डबल किया जाय, यह काफी महत्वपूर्ण सड़क है, नेपाल को जोड़ती है ।

श्री नंदकिशोर यादव,मंत्री : महोदय, मैंने उस सड़क के महत्व को कम करने की कोशिश नहीं की है, मैंने यह नहीं कहा कि हम नहीं बनायेंगे, हमने तो कहा कि किसी सड़क के चौड़ीकरण के लिये पहले हम इस बात को देखते हैं कि यातायात कितना है, उसकी कितनी फीजिबिलिटी है, तो उसी का अध्ययन कर रहे हैं, कर लेंगे उसके बाद ही कार्रवाई कर पायेंगे न । वही तो मैंने कहा है ।

तारांकित प्रश्न सं0: 17 (श्री विनोद प्रसाद यादव)

श्री नन्द किशोर यादव,मंत्री: अध्यक्ष महोदय,

1. उत्तर स्वीकारात्मक है ।

2 एवं 3. इस कार्य को वर्ष *2012-13 की योजना में* सम्मिलित कर पुलिया का निर्माण करा दिया जाएगा ।

तारांकित प्रश्न सं0: 18 (श्री संजय कुमार)

(इस अवसर पर माननीय प्रश्नकर्त्ता सदस्य अनुपस्थित ।)

तारांकित प्रश्न सं0: 19 (श्री मंजीत कुमार सिंह)

श्री दामोदर रावत,मंत्री: अध्यक्ष महोदय,

1. उत्तर स्वीकारात्मक है । जिला स्वास्थ्य समिति, गोपालगंज द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत बैकुंठपुर प्रखंड के बलारी, राजापट्टी, गम्हारी, सिंधवलिया प्रखंड के मझवलिया, महम्मदपुर, मोहनपुर, कमालपुर में 6लाख 48हजार 900रूपए प्रति इकाई की दर से स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवनों के निर्माण की स्वीकृति भवन प्रमण्डल, गोपालगंज को 2005-06 में दी गई थी ।

2. आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है । उत्तर वर्णित स्थानों में से राजापट्टी, लरौली, बेलसंड में स्वास्थ्य उपकेन्द्रों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है एवं भवन हस्तान्तरित भी है । शेष छः स्थानों में से एक स्थान बखरी में स्थल अभी तक उपलब्ध नहीं है, इसलिए गम्हारी, मझवलिया, मोहम्मदपुर, मोहनपुर एवं कमालपुर में भूमि विलम्ब से प्राप्त होने के कारण प्राक्कलित राशि बढ़ जाने के कारण, प्राक्कलन में वृद्धि के कारण कार्य प्रारभ्भ नहीं कराया जा सका है ।

3. जिला पदाधिकारी, गोपालगंज के अनुसार भवन प्रमण्डल, गोपालगंज द्वारा रूपए 11लाख 52हजार 300मात्र प्रति इकाई की दर से पुनरीक्षित प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु जिला स्वास्थ्य समिति, गोपालगंज को भवन प्रमण्डल, गोपालगंज के पत्रांक 845 दिनांक 9.9.2011 द्वारा समर्पित किया